INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson -4 टिकट-अलबम(कहानी)	Topic: प्रश्ननोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ - 4 - टिकट-अलबम(कहानी)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न -1-आजकल लड़के किसे घेरे रहते थे और क्यों?
उत्तर- आजकल नागराजन को घेरे रहते थे क्योंकि उसके पास बढिया अलबम थी।

प्रश्न -2- अब किसकी अलबम की पूछ नहीं रह गई थी?
उत्तर- अब राजप्पा की अलबम की पूछ लड़कों में नहीं रह गई थी।

प्रश्न -3 किस के डर से राजप्पा ने अलबम को अँगीठी में डाल दिया था?
उत्तर-पुलिस के डर से राजप्पा ने अलबम को अँगीठी में डाल दिया था।

प्रश्न- 4 राजप्पा को किस से चिढ़ हो गई थी?
उत्तर-राजप्पा को अपनी अलबम से चिढ़ हो गई थी ।

प्रश्न 5- नागराजन सभी छात्रों को अपना अलबम कैसे दिखाया करता था?
उत्तर-नागराजन सभी छात्रों को शांतिपूर्वक अपना अलबम दिखाया करता था ।

लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न 1 - लड़कियों ने नागराजन से अलबम किसे माँगने भेजा और क्यों?
उत्तर-लड़कियों ने नागराजन से अलबम माँगने के लिए पार्वती को अपना अगुआ बनाकर भेजा क्योंकि वही सबसे तेज़-तर्रार थी।

प्रश्न - 2 राजप्पा ने अलबम क्यों छिपा दिया?
उत्तर-राजप्पा ने नागराजन की अलबम चुराई थी, इसलिए वह नहीं चाहता था कि किसी को इसके बारे में कुछ पता चले।

प्रश्न - 3 अलबम चुराते समय राजप्पा किस मानसिक स्थिति से गुज़र रहा था?
उत्तर-अलबम चुराते समय राजप्पा का दिल तेज़ी से धड़क रहा था। उस समय उसके दिमाग में बस अलबम चुराने की बात थी। इसलिए अलबम चुराकर तुरंत चला गया।

प्रश्न 4-राजप्पा को अब कोई क्यों नहीं पूछता था?
उत्तर-राजप्पा के पास अलबम था। उस अलबम के कारण उसे लड़के घेरे रहते थे, पर अब नागराजन के मामा ने उसे सिंगापुर से एक अलबम भेजा था। उस अलबम के कारण नागराजन को सभी घेरे रहते और राजप्पा को कोई नहीं पूछता था।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1-नागराजन के अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की दशा क्या हुई?

उत्तर-नागराजन का अलबम हिट हो जाने के बाद राजप्पा मन ही मन कुढ़ने लगा और अपने फालतू टिकटों के बदले नागराजन से कुछ अच्छे टिकट लेने की सोचने लगा ताकि उसका अलबम और अच्छा हो जाए, लेकिन उसने मौका देखकर नागराजन का अलबम चोरी कर लिया।

प्रश्न 2 - लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की?
उत्तर : लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से इसलिए कि क्योंकि जिस प्रकार मधुमक्खी सारा दिन दूर तक घूम-घूमकर फूलों से मकरंद (फूलों का रस) चूसती है और शहद की एक-एक बूंद इकट्ठा करती है, उसी प्रकार राजप्पा भी सारा दिन मेहनत करके दूर-दूर से टिकट इकट्ठा करके लाता था।

शब्दार्थ -

1-जमघट- जमाव
2-टोली- मंडली
3-उत्सुक- इच्छुक
4- चवेना- चबाकर खाने वाली खाद्य सामग्री
5- फिसड्डी- काम में पीछे रह जाने वाला
6- टीपना- नकल करके लिखना
7-बघारना- पांडित्य दिखाने के लिए किसी विषय की चर्चा करना
8- कोरस- एक साथ मिलकर गाना
9- मशहूर- प्रसिद्ध
10 खलना- अखरना

प्रश्न -1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए:-

1 - पुत्र - बेटा , सुत , आत्मज
2 - आदमी - नर , जन , पुरुष
3 - पुष्प - फूल , सुमन , कुसुम
4 - बादल - घन , मेघ , जलद
5 - मछली - मीन , मकर , झस
6 - आँख - नयन , नेत्र , लोचन

प्रश्न -2 - निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-

1 - बहुत - थोड़ा
2 - गुण - दोष
3 - आशा - निराशा
4 - ज्ञानी - अज्ञानी
5 - धर्म - अधर्म
6 - न्याय - अन्याय
7 - हार - जीत
8 - पास - दूर
9 - ऊपर - नीचे
10 - सुबह - शाम

प्रश्न-3 -निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए-

1 - हमारे विद्यालय के बाहर विशाल वृक्ष है ।	विशाल
2 - तालाब में पाँच फूल खिले हैं ।	पाँच
3 - टोकरी में से कुछ सेब उठा लाओ ।	कुछ
4 - साड़ी की लंबाई दो मीटर है ।	दो
5 - गमले में थोड़ी मिट्टी डाल दो।	थोड़ी
6 - पहली स्त्री नहीं आई ।	पहली
7 - मेरा छोटा भाई नटखट है।	छोटा, नटखट
8 - मुझे तीन किलो आटा चाहिए ।	तीन किलो
9 - कुछ लोगों को ही काम चाहिए ।	कुछ
10 - मुझे कुछ सामान चाहिए ।	कुछ
11 - मेरी बहन को फूल पसंद हैं।	मेरी
12 - मुझे सफेद गाड़ी की तलाश है।	सफेद
13- माधव को थोड़ा आराम करने दो।	थोड़ा
14 - चारों चोर पकड़े गए।	चारों
15- रीता के दो भाई हैं।	दो

****